लार संग्रह के बारे में निर्देश

1 समय: सुबह ड्रॉप-ऑफ से पहले अपना नमूना एकत्र करने का प्रयास करें। यदि आपने इसे पिछली रात ही एकत्र कर लिया है, तो ड्रॉप-ऑफ तक इसे फ्रिज में रखें। कृपया नमूना लेने से पहले 30 मिनट तक कुछ भी खाने, पीने, च्युइंग गम चबाने, धूम्रपान या वेपिंग से बचें।

2 बैग खोलें: बैग में एक नीली फनल और नीली कैप वाली एक ट्यूब होती है। ट्यूब के अंदर तरल पदार्थ भरा हुआ होता है। नीली कैप को सावधानीपूर्वक खोलें, ताकि कुछ गिरे नहीं, और ट्यूब को ऊपर की ओर खड़ा करके रख दें। फनल की टोंटी (spout) को ट्यूब के अंदर रखें।

3 फ़नल में थूकें: धीरे से फनल में थूकें। लार को अपने मुंह में रखें, निगलें नहीं, फिर उसे फनल में थूक दें। लार बनाने में मदद के लिए किसी स्वादिष्ट या खट्टे पदार्थ के बारे में सोचें।



4 लाल रेखा तक भरें: कंटेनर को लाल रेखा तक पहुंचने के लिए पर्याप्त लार से भरें - इसमें कुछ मिनट लग सकते हैं। लार में किसी भी प्रकार के बुलबुले को नजरअंदाज करें, बुलबुले कुल मात्रा में नहीं गिने जाते।

5 फ़नल का निपटान करें: फ़नल को हटा दें और उसे कचरे में फेंक दें। नीली कैप को कंटेनर पर वापस लगा दें। रिसाव से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि ढक्कन कसकर लगा हुआ हो। यदि आप बच्चे हैं, तो किसी बड़े व्यक्ति से मदद मांगें।

6 इसे मिलाएं: एक बार ढक्कन को अच्छी तरह से बंद कर देने के बाद, कंटेनर को 3-5 बार धीरे से हिलाएं ताकि अंदर की सारी चीजें मिल जाएं।

7 ट्यूब पर लेबल लगाएं: लेबल पर अपना कानूनी प्रथम और अंतिम नाम, साथ ही जन्मतिथि भी लिखें। लेबल को कंटेनर पर लंबवत चिपकाएं। याद रखें, यदि आपके नमूने पर सही लेबल नहीं लगा है, तो हम उसका प्रसंस्करण नहीं कर सकते।

8 अनुरोध को भरें। अपने प्रयोगशाला अनुरोध को पूर्णतः भरें। अपना पूरा कानूनी नाम लिखें जो आपके हेल्थकार्ड पर दिए गए नाम से मेल खाता हो।

9 बैग में डालना: अपने लेबल लगे लार के नमूने को उसी प्लास्टिक बैग में वापस रखें जिसमें वह आया था। बैग को सीलबंद कर दें। भरे हुए प्रयोगशाला अनुरोध फॉर्म को मोड़कर प्लास्टिक बैग की बाहरी जेब में रखें।

10 ड्रॉप-ऑफ: स्पिट-किटस को आपके स्कूल में निर्दिष्ट **'लार किट ड्रॉप-ऑफ'** स्टेशन पर कूलर के अंदर छोड़ा जा सकता है। अगले दिन परिणाम हासिल करने के लिए, कूरियर के आपके स्कूल में आने से पहले अपना नमूना छोड़ दें (आप अपने स्कूल प्रमुख से कूरियर के समय की पुष्टि कर सकते हैं)। यदि आप कूरियर द्वारा नमूने लेने के बाद शुक्रवार को नमूना छोड़ने आते हैं, तो कृपया अपने नमूने को सप्ताहांत में फ्रिज में रखें और सोमवार को छोड़ दें। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि सप्ताहांत में नमूने का तापमान स्थिर बना रहे।

लेबल लगाने से संबंधित सुझाव

कृपया अपने पूरे कानूनी नाम सहित अनुरोध फॉर्म को भरें। हम इस समय पसंदीदा नाम स्वीकार नहीं कर सकते।

अनुरोध फॉर्म पर दिया गया कानूनी प्रथम और अंतिम नाम, जन्म तिथि के साथ-साथ नमूना लेबल पर दिए गए प्रथम और अंतिम नाम तथा जन्म तिथि से मेल खाना चाहिए।

अपने नमूने पर लेबल लगाना याद रखें। बिना लेबल वाले नमूनों को संसाधित नहीं किया जा सकता।

हमारे लार वीडियो निर्देश देखने के लिए QR कोड को स्कैन करें या इस वेबसाइट पर जायें:
www.sickkids.ca/salivatestingprogram

SickKids®